संभावना गतिविधि में लोक एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति

कछियाई और बैगा करमा नृत्य ने दर्शकों को लोक संस्कृति से कराया रूबरू

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में आयोजित नृत्य, गायन एवं वादन आधारित गतिविधि 'संभावना' के अंतर्गत रविवार को लोक एवं जनजातीय संस्कृति की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं।

कार्यक्रम में डिण्डोरी के दयाराम राठुरिया एवं उनके साथियों ने बैगा जनजातीय करमा नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं सिरोंज के हरिसिंह केवट एवं दल ने पारंपरिक कछियाई नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कछियाई नृत्य बुंदेलखंड क्षेत्र की प्रमुख लोकनृत्य एवं लोकसंगीत परंपरा है, जिसे मुख्य रूप से काछी समुदाय द्वारा मांगलिक अवसरों और त्योहारों पर प्रस्तुत किया जाता है। इस नृत्य में भक्ति और श्रृंगार रस की विशेष प्रधानता होती है। ढोलक, सारंगी और खंजरी की मधुर धुनों के साथ प्रस्तुत गीतों में देवी-देवताओं की स्तुति और जनजीवन से जुड़े प्रसंगों का चित्रण किया जाता है। कार्यक्रम में प्रस्तुत बैगा जनजातीय करमा नृत्य ने भी दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। यह बैगा समुदाय का प्रमुख लोकनृत्य है, जिसमें पुरुष वाद्ययंत्र बजाते हैं और महिलाएं गोल घेरे में नृत्य करते हुए पारंपरिक गीत गाती हैं। यह नृत्य विजयदशमी से वर्षा ऋतु के आरंभ तक विभिन्न अवसरों पर किया जाता है और समुदाय की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रत्येक रविवार दोपहर आयोजित की जाने वाली 'संभावना' गतिविधि के माध्यम से प्रदेश की जनजातीय और लोक कला परंपराओं को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में दर्शकों को मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक विरासत को निकट से जानने और समझने का अवसर मिलता है।

रेलवे की विभागीय परीक्षाएं अब होंगी कंप्यूटर आधारित

नप्र, भोपालः भारतीय रेलवे ने भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब रेलवे की सभी विभागीय परीक्षाएं कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के माध्यम से आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही टैबलेट आधारित परीक्षण प्रणाली का भी विस्तार किया जाएगा, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक सटीक और समयबद्ध बन सके।

यह निर्णय केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में लिया गया। बैठक में रेलवे भर्ती बोर्ड की प्रक्रियाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और पारदर्शिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान रेलवे ने छह प्रमुख श्रेणियों में 47 हजार 84 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी की और 43 हजार 781 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की। इनमें सबसे अधिक 18 हजार 799 नियुक्तियां असिस्टेंट लोको पायलट तथा 14 हजार 298 नियुक्तियां टेक्नीशियन पदों पर हुईं। रेलवे का मानना है कि नई तकनीक आधारित भर्ती व्यवस्था से परीक्षाओं की विश्वसनीयता बढ़ेगी और चयन प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनेगी।

शासकीय कार्यालयों में वित्तीय प्रबंधन को लेकर उद्देश्यपूर्ण पुस्तक

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश के शासकीय कार्यालयों में वित्तीय कार्यों को अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सेवानिवृत्त अपर संचालक वित्त डॉ. विजय मोहन चौधरी ने 'मध्य प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में वित्तीय प्रबंधन' पुस्तक तैयार की है। पुस्तक में शासन के विभिन्न वित्तीय नियमों, प्रक्रियाओं और निर्देशों का सरल भाषा में संकलन किया गया है।

डॉ. चौधरी ने बताया कि लगभग 34 वर्षों की शासकीय सेवा के दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को वित्तीय नियमों की जानकारी के अभाव में अनेक व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करते देखा। कई बार आवश्यक नियमों और निर्देशों की सुलभ उपलब्धता नहीं होने के कारण अनजाने में त्रुटियां हो जाती हैं, जिनसे वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक समस्याओं की स्थिति बनती है।

पुस्तक में कार्यालय प्रमुख एवं आहरण-संवितरण अधिकारी की भूमिका, बजट प्रबंधन, वित्तीय अधिकार, क्रय प्रक्रिया, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, सामान्य भविष्य निधि, न्यू पेंशन स्कीम तथा यूनिफाइड पेंशन स्कीम जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है। इन विषयों की व्याख्या व्यवहारिक दृष्टिकोण के साथ सरल और सहज भाषा में की गई है। लेखक के अनुसार पुस्तक का उद्देश्य केवल नियमों का संकलन प्रस्तुत करना नहीं, बल्कि शासकीय कार्यालयों में वित्तीय कार्यप्रणाली की गुणवत्ता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को मजबूत बनाना भी है। यह पुस्तक वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ अन्य विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए भी उपयोगी मार्गदर्शिका सिद्ध हो सकती है। इससे वित्तीय नियमों की बेहतर समझ विकसित होगी और कार्यालयीन कार्यों के संचालन में सुविधा मिलेगी।

एम्स में स्टोन आर्ट कार्यशाला से प्रतिभागियों को मिली रचनात्मक अभिव्यक्ति

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः एम्स के स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र द्वारा मानसिक स्वास्थ्य और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय स्टोन आर्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में 75 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कला के माध्यम से तनावमुक्ति और आत्म-अभिव्यक्ति के नए आयामों को जाना।

कार्यशाला का संचालन स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र के मॉडलर कलाकार अभिलाष देवांगन ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को स्टोन आर्ट की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान पत्थरों की सतह तैयार करने, डिज़ाइन बनाने, रंगों के चयन और कलाकृति को अंतिम रूप देने की प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को अपनी कल्पनाशीलता का उपयोग करते हुए साधारण पत्थरों को आकर्षक कलाकृतियों में बदलने के लिए प्रेरित किया गया।

दो दिनों तक चले इस आयोजन में विभिन्न आयु वर्ग और पृष्ठभूमि के लोगों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने न केवल कला के बुनियादी कौशल सीखे, बल्कि रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव भी किया। एम्स के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में बढ़ते मानसिक तनाव को देखते हुए ऐसी गतिविधियां लोगों के समग्र स्वास्थ्य और कार्य-जीवन संतुलन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक और प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहेगा, जिससे लोगों को मानसिक रूप से स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

उच्च शिक्षा संस्थानों में 1.82 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

नप्र, भोपालः उच्च शिक्षा विभाग की ई-प्रवेश प्रक्रिया के तहत प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में अब तक 1 लाख 82 हजार 473 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त कर लिया है। विभाग के अनुसार द्वितीय चरण के अंतिम दिन 13 जून तक 86 हजार 679 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया, जिनमें 64 हजार 535 स्नातक तथा 22 हजार 141 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी शामिल हैं। अब तक कुल 1 लाख 37 हजार 12 विद्यार्थियों ने स्नातक, 39 हजार 607 ने स्नातकोत्तर और 5 हजार 854 विद्यार्थियों ने एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया है। एनसीटीई पाठ्यक्रमों के प्रथम चरण में आवंटित विद्यार्थियों के लिए प्रवेश शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) के लिए पंजीयन प्रक्रिया जारी है। अभ्यर्थी 20 जून तक पंजीयन करा सकेंगे। महाविद्यालय आवंटन 23 जून को होगा तथा आवंटित विद्यार्थी 30 जून तक शुल्क जमा कर प्रवेश की पुष्टि कर सकेंगे।

रक्तदान के लिए संकल्प लें प्रदेशवासी : मुख्यमंत्री : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'विश्व रक्तदाता दिवस' पर अपने संदेश में सभी रक्तदाताओं को नमन करते हुए कहा है कि सभी रक्तदाता सच्चे अर्थों में मानवता के रक्षक और ईश्वर के प्रतिनिधि हैं। 'रक्तदान', 'जीवनदान' का माध्यम बनता है, सभी को रक्तदान करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने विश्व रक्तदाता दिवस पर प्रदेशवासियों से रक्तदान जैसे पुण्यकर्म के लिए संकल्पित होने का आव्हान किया है।

अंडर-13 क्रिकेट चयन ट्रायल्स संपन्न अंडर-15 का ट्रायल आज

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत भोपाल संभाग क्रिकेट संघ द्वारा डीपीएस स्कूल, नीलबड़ के खेल मैदान पर अंडर-13 बालक वर्ग के लिए ओपन सिलेक्शन ट्रायल्स आयोजित किए गए।

चयन प्रक्रिया सुबह 7:30 बजे शुरू हुई, जिसमें 434 खिलाड़ियों ने भाग लिया। एमपीसीए से आए चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर उनकी योग्यता के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की। ट्रायल्स के दौरान खिलाड़ियों के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे और उन्होंने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के अनुसार अंडर-15 बालक वर्ग के खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल्स 15 जून को सुबह 7:30 बजे डीपीएस स्कूल, नीलबड़ मैदान पर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित आयु वर्ग के खिलाड़ियों का चयन भी एमपीसीए के चयनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। दोनों आयु वर्गों की चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अंतिम सूची तैयार कर मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के माध्यम से संबंधित संभागीय एवं जिला क्रिकेट संघों को भेजी जाएगी।

सूडोकु नवताल- 7811

★★★★☆ मध्यम

		5			8			3
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6			7			1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
6			2			7		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7810 का हल

9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8

काकुरो पहेली - 7484



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो - 7483 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8881



बाएँ से दाएँ

1.रमण योग्य-4
4.साल,वर्ष-3
6.बांया-2
7.राय,वोट-2
9.तकरार,कहासुनी-4
11.अंधकार,अंधेरा-3
12.सरल,आसान-3
13.चील,ईगल-2
14.देवदास की प्रेमिका-2
15.सूली,क्रूस-3
17.कारण-3
19.मन को हरने वाला-4
21.कार्य,काज-2
23.बाण,तीर-2
24.दबाना,कुचलना-3
25.हाथी चलाने वाला-4

ऊपर से नीचे

1.परंपरा,रीति-रिवाज-4
2.संस्कृत में 'मेरा'-2
3.भरोसा,विश्वास-3
4.दीदी,भगिनी-3
5.समान,एक जैसा-2
8.अंधेरा,अंधकार-3
9.बोरिया बिस्तर-4
10.रिहा-2
12.तालाब,जलाशय-4
15.तमीज,शिष्टता-3
16.मछली,एक राशि-2
18.ज्वरताप-4
19.चिंतन,विचार-3
20.रनिवास (उर्दू-3)
22.नशा,अभिमान-2
23.पार्थिव देह,लाश-2

शब्द पहेली -8880 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7323



बायें से दायें:-

१. इमरान हाशमी, दीपल शॉ की 'क्योंकि इतना प्यार' गीत वाली फिल्म-४
३. 'सौ दर्द हैं सौ राहतें' गीत वाली प्रीती, सलमान, अक्षय की फिल्म-२,१,२
६. आमिर खान, माधुरी दीक्षित की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
७. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली अमिताभ, मनोज की फिल्म-२
८. मोहित अहलावत, निशा की 'धीमी धीमी सी जिंदगी' गीतवाली फिल्म-२
९. 'ये मुलाकात एक बहाना है' गीत वाली जीतेंद्र, सुलक्षणा की फिल्म-४
१०. अनिलकपूर, स्मिता की 'आसमान छत हो मेरी' गीत वाली फिल्म-३
११. 'एक था बचपन' गीत वाली अशोक कुमार, संजीव, सुमिता की फिल्म-४
१३. सनी, मीनाक्षी शेशाद्रि की 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा बत्रा की फिल्म-२
१६. नसीर, जैकी, शिल्पा, की 'लड़का लड़की से' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं ऐसा क्यों हूँ' गीत वाली अमिताभ, ऋतिक की फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, लीना की 'दुनिया ने मुझको समझा नाकारा' गीत वाली फिल्म-४
२०. 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली अनिलकपूर, पूनम की फिल्म-३
२३. संजयदत्त, उर्मिला की 'ये जान ले ले रे' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'प्यार मुझसे जो किया' गीत वाली फारूख शेख, दीप्ति की फिल्म-२,२
२५. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'दूल्हा दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'चोरी चोरी जब नजरें मिली' गीत वाली बॉबी देओल, नेहा की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'मितवा, कहे धड़कने तुझसे' गीत वाली अमिताभ, शाहरूख, जॉन, अभिषेक, काजोल की फिल्म-२,४,१,३
२. अजय, अभिषेक, रानी, करीना, 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' गीत वाली फिल्म-२
३. 'एक लड़की बस गई' गीत वाली सनी देओल, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
४. राहुल खन्ना, जॉन, मिथुन, लारा, अमीषा की 'बेचैन मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-३
५. 'कश पे कश लगाने दे' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२
६. ऋषि कपूर, शाहरूख, दिव्या की 'ऐसी दीवानगी देखी नहीं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'तुम्हारे प्यार में' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीव कुमार, आशा की फिल्म-३
९. नाना, सलमान, मनीषा, सीमा की 'आज मैं ऊपर आसमां नीचे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'मेरी बन्नो की आएगी' गीत वाली जैकी, जूही, अमृतासिंह की फिल्म-३
१२. अक्षय खन्ना, सोनाली बेंद्रे की 'सावन बरसे तरसे दिल' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'दूध का कर्ज' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी ?-३
१९. जैकी श्रॉफ मोहसिन खान, नीलम की 'दे दो दे दो मुझे दिल' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली संजय दत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२२. गिरीश कर्नाड, स्मिता पाटिल की 'म्हारो गाँव काथिया पारे' गीत वाली श्याम बेनेगल निर्देशित फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 7322

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग-7417

	3	2		6		5
	33		35		28	
1		5	4			2
	35		35	7	32	
7		6		4		1
	33		31		30	4
3		4		2	5	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7416 का हल

6	1	4	7	2	5	3
5	33	3	35	1	27	7
4	3	7	5	6	1	2
3	29	2	45	7	33	6
1	3	6	7	5	2	4
2	29	1	33	4	30	5
7	4	5	2	3	6	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल- 8437

मुं	क	ल	व	ग	ब	ना	क	बें	ग	क	
ब	वि	ल	मुं	चे	जी	ग	द	ह	ला	ड़	
ई	स	ल	ल	र्म	छ	पु	आ	दि	ख	क	
क	स	ज	य	पु	र	र	प	ल	ल्ली	क	
क	क	दो	ग	ला	द	र	तू	ग	झ	क	
दि	क	ल	प	बा	झ	पू	ना	ण	घ	को	
ती	ड़	ल	दा	सं	प	ल	श	बें	ला	ल	
क	ता	म	ई	धा	ब	क	फ	ग	श	का	
क	ह	चे	न्न	ई	क	स	री	लो	प	ता	
अ	र	ल	प	व	जी	र्त	ऐ	र	प	रु	
क	चे	ल	प	है	द	रा	बा	द	प	क	

शब्द जाल में 10 बड़े शहरों के नाम ढूंढिए. शहरों के नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

दिल्ली, मुंबई, जयपुर, बेंगलोर, चेन्नई, कोलकाता, अहमदाबाद, नागपुर, पूना, हैदराबाद.

शब्दजाल - 8436 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore